अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 06 अप्रैल, 2015 को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में संभाग प्रथम के सभागार मे कैरियर मार्गदर्शन श्रृखलां के अंतर्गत “रोजगार, कौशल एवं योग्यता में वृद्धि” पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया. यह व्याख्यान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा से किया गया. इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता श्रीमती गुजंन अरोडा और प्रिया मेहरा थी. गुजंन अरोडा वर्तमान मे स्पार्क इन्स्ट्रीट्यूट ऑफ कामर्स एण्ड मेनेजमेन्ट में संचालक और प्रिया मेहरा संयोजक के पद पर कार्यरत है.

श्रीमती प्रिया मेहरा ने हमारे विद्यार्थियों को केट कोर्स (जोकि दॉ इन्स्ट्रिटयूट ऑफ कॉस्ट अकाउटेन्टस ऑफ इण्डिया के द्वारा प्रमाणित है) और उसके महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया. यह व्याख्यान बडा ही सूचनात्मक रहा. विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान को बडे उत्साह, रूचि के साथ सुना व अन्त में इससे संबंधित प्रश्न पूछे जिनका जबाब मुख्य वक्ता ने संतोषजनक दिये. इस अवसर पर वाणिज्य के द्वितीय वर्ष की 150 छात्राओं के साथ विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती शोभना गोयल व विभाग के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे. कार्यक्रम का समापन मुख्य वक्ता के आभार प्रदर्शन के द्वारा हुआ.